Regarding construction of by-pass road in Kawardha city in Chhattisgarh - laid

श्री संतोष पान्डेय (राजनंदगाँव): मेरे ससंदीय क्षेत्र राजनंदगाँव (छत्तीसगढ़) के जिला कबीरधाम में कवर्धा शहर में दिन प्रतिदिन ट्रैफिक का दबाव बढ़ता जा रहा है, समीपस्थ मध्यप्रदेश राज्य के जबलपुर से रायपुर जाने वाली NH 30 कवर्धा शहर के मध्य से होकर गुजरता है एवं उक्त मार्ग NH 130 A (पोडी-बिलासपुर) से भी मिलता है, दोनों राष्ट्रीय राजमार्ग में आने जाने वाले वाहनों का आवागमन शहर के अन्दर से होने से यातायात का अत्यधिक दबाव शहर में बढ़ता जा रहा है। पूर्व में उक्त मार्ग पर कवर्धा बायपास नाम से शहर के बाहर से एक मार्ग बनाये जाने हेतु योजना तैयार की गयी थी किन्तु जमीन अधिग्रहण सम्बन्धी मामलो में उलझा कर उक्त बायपास मार्ग को ठन्डे बस्ते में डाल दिया गया है।

वर्तमान में यातायात से अत्यधिक दबाव को देखते हुए उक्त राष्ट्रीय राजमार्ग से गुजरने वाले वाहन एवं शहर के अन्दर आम नागरिकों के सुगम और व्यवस्थित आवागमन हेतु कवर्धा बायपास का निर्माण अत्यंत आवश्यक है। मेरा सरकार से आग्रह है कि उक्त बायपास की मांग को नागरिकों के सहूलियत हेतु जल्द स्वीकृति प्रदान की जाये।